**प्रेस नोट**
**दिनांक – 25.10.2025**
**जनपद – गोण्डा**

**बरूआर जाति समाज के सामाजिक उत्थान हेतु जारी पहल के दृष्टिगत पुलिस अधीक्षक गोण्डा द्वारा थाना धानेपुर क्षेत्र के ग्राम दुल्हापुर बनकट में घर - घर जाकर किया गया संवाद**

आज दिनांक 25 अक्टूबर 2025 को शासन की जनकल्याणकारी नीतियों को जन-जन तक पहुँचाने तथा सामाजिक समरसता को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से थाना धानेपुर क्षेत्र के ग्राम दुल्हापुर बनकट में पुलिस अधीक्षक गोण्डा श्री विनीत जायसवाल की अध्यक्षता "घर-घर संवाद" कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम विशेष रूप से बरूआर जाति समाज के सर्वांगीण विकास एवं उत्थान पर केन्द्रित रहा। पुलिस अधीक्षक गोण्डा ने समुदाय के लोगों से संवाद करते हुए कहा कि बरूआर समाज परिश्रमी, ईमानदार और सामाजिक दृष्टि से सशक्त समुदाय है, जिसे शासन की योजनाओं से जोड़कर और अधिक सशक्त बनाया जा सकता है। उन्होंने लोगों से शिक्षा, स्वच्छता, स्वास्थ्य और स्वरोजगार को जीवन का आधार बनाने की प्रेरणा दी। साथ ही उपस्थित अधिकारियों को निर्देशित किया कि समाज के कमजोर वर्गों की समस्याओं का समाधान प्राथमिकता के आधार पर किया जाए तथा उन्हें शासन की विभिन्न योजनाओं का सीधा लाभ सुनिश्चित कराया जाए। कार्यक्रम के दौरान पुलिस टीम द्वारा घर-घर जाकर संवाद स्थापित किया गया। ग्रामीणों को शासन द्वारा चलाई जा रही योजनाओं जैसे- मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना, रानी लक्ष्मीबाई बाल एवं महिला सम्मान कोष आदि की जानकारी दी गई। उपस्थित नागरिकों को बताया गया कि सरकार द्वारा समाज के आर्थिक एवं सामाजिक उत्थान हेतु अनेक योजनाएं चलाई जा रही हैं, जिनका लाभ लेने हेतु वे अपने नजदीकी जनसेवा केन्द्र या ब्लॉक कार्यालय में संपर्क करें।

**मिशन शक्ति अभियान के अंतर्गत महिला सशक्तिकरण पर विशेष जोर –**

कार्यक्रम के दौरान मिशन शक्ति 5.0 के अंतर्गत महिलाओं एवं बालिकाओं को सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन के प्रति जागरूक किया गया। पुलिस अधीक्षक गोण्डा ने कहा कि महिलाएं समाज की रीढ़ हैं, और उनका सशक्त होना ही सच्चे अर्थों में राष्ट्र की शक्ति है। उन्होंने महिलाओं को अपने अधिकारों के प्रति सजग रहने तथा किसी भी प्रकार की हिंसा, उत्पीड़न या भेदभाव की स्थिति में तुरंत पुलिस या हेल्पलाइन सेवाओं—1090 (वूमेन पावर लाइन), 1098 (चाइल्ड हेल्पलाइन), 1930 (साइबर हेल्पलाइन), 112 (पुलिस आपातकालीन सेवा) पर संपर्क करने के लिए प्रेरित किया। साथ ही उन्होंने मिशन शक्ति केंद्रों की भूमिका के बारे में बताया, जहाँ महिलाओं की शिकायतों का प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण किया जाता है।

**साइबर अपराधों से बचाव की जानकारी –**

कार्यक्रम में साइबर अपराधों से सुरक्षा को लेकर भी लोगों को जागरूक किया गया। पुलिस टीम ने बताया कि किसी भी अज्ञात लिंक, कॉल या ईमेल पर भरोसा न करें, बैंक विवरण या ओटीपी किसी के साथ साझा न करें, और किसी भी धोखाधड़ी की स्थिति में तत्काल 1930 या 112 पर सूचना दें। साइबर अपराधों के नवीन तरीकों की जानकारी देकर लोगों को डिजिटल साक्षरता बढ़ाने हेतु प्रेरित किया गया।

पुलिस अधीक्षक गोण्डा श्री विनीत जायसवाल ने कहा कि "बरूआर जाति समाज हमारे जनपद का अभिन्न अंग है । उनके उत्थान और आत्मनिर्भरता के लिए प्रशासन पूर्ण प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रहा है । ऐसे "घर-घर संवाद" कार्यक्रम शासन-प्रशासन और जनता के बीच सीधे संवाद का माध्यम हैं, जिनसे समस्याओं की पहचान और उनके समाधान में पारदर्शिता व त्वरितता आती है।" उन्होंने यह भी कहा कि मिशन शक्ति अभियान और साइबर जागरूकता के माध्यम से समाज के हर वर्ग में सुरक्षा, सम्मान और आत्मविश्वास का वातावरण तैयार किया जा रहा है।

**इस अवसर पर क्षेत्राधिकारी सदर सुश्री शिल्पा वर्मा, प्रभारी निरीक्षक धानेपुर श्री अरविन्द कुमार सिंह सहित अन्य पुलिस अधिकारी, कर्मचारीगण तथा सैकड़ों की संख्या में स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे। ग्रामीणों ने पुलिस की इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रमों से शासन की योजनाएं समाज के हर वर्ग तक पहुँचती हैं और नागरिकों में विश्वास तथा सुरक्षा की भावना और प्रगाढ़ होती है।**

**मीडिया सेल, गोण्डा।**

**प्रेस नोट**

**दिनांक 25.10.2025**

**थाना इटियाथोक पुलिस द्वारा 01 दहेज हत्याभियुक्तों को किया गया गिरफ्तार-**

**कार्यवाही-**

पुलिस अधीक्षक गोण्डा श्री विनीत जायसवाल द्वारा अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी श्री मनोज कुमार रावत के पर्यवेक्षण व क्षेत्राधिकारी सदर सुश्री शिल्पा वर्मा के नेतृत्व में थाना इटियाथोक पुलिस द्वारा थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0- 259/2025 धारा 85/80(2) बीएनएस व 3/4 डीपी एक्ट से सम्बन्धित 01 दहेज हत्याभियुक्त बृजेश श्रीवास्तव उर्फ रिंकू पुत्र उमेश चन्द्र श्रीवास्तव निवासी भयापुरवा निबिहा परसपुर थाना इटियाथोक जनपद गोण्डा को भयापुरवा नहर पुलिया के पास से गिरफ्तार कर लिया गया।

**घटना का संक्षिप्त विवरण-**

दिनांक 22.10.2025 को वादी श्री दुर्गेश नंदन श्रीवास्तव पुत्र हर्ष नरायन लाल श्रीवास्तव निवासी मोहल्ला फोरविसगंज पन्तनगर थाना कोतवाली नगर गोण्डा द्वारा थाना इटियाथोक में लिखित तहरीर दी गयी कि उन्होने अपनी पुत्री का विवाह वर्ष 2022 में हिन्दू धर्म के रीति रिवाजों के अनुसार बृजेश श्रीवास्तव उर्फ रिंकू पुत्र उमेश चन्द्र श्रीवास्तव निवासी भयापुरवा निबिहा परसपुर थाना इटियाथोक जनपद गोण्डा के साथ किया था । विवाह के बाद से ही पति बृजेश व अन्य ससुरालीजनों द्वारा दहेज में 10 लाख रुपए की मांग को लेकर प्रताड़ित करने लगे, और दिनांक 21/22.10.2025 की रात को ससुरालीजन ने दहेज की मांग पूरी न होने पर उनकी बेटी को फांसी लगाकर मार दिया है । वादी की लिखित तहरीर के आधार पर थाना इटियाथोक में सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत किया गया । आज दिनांक 25.10.2025 को उ0नि0 राजेश दूबे थाना इटियाधोक मय हमराह द्वारा मुखबिर की सूचना पर वांछित चल रहे 01 दहेज हत्याभियुक्त- बृजेश श्रीवास्तव उर्फ रिंकू पुत्र उमेश चन्द्र श्रीवास्तव निवासी भयापुरवा निबिहा परसपुर थाना इटियाथोक जनपद गोण्डा को भयापुरवा नहर पुलिया के पास से गिरफ्तार कर लिया गया। । गिरफ्तार अभियुक्तगणों के विरूद्ध थाना इटियाथोक पुलिस द्वारा अग्रिम वैधानिक कार्यवाही कर माननीय न्यायालय रवाना किया गया।

**गिरफ्तार अभियुक्त-**

01. बृजेश श्रीवास्तव उर्फ रिंकू पुत्र उमेश चन्द्र श्रीवास्तव निवासी भयापुरवा निबिहा परसपुर थाना इटियाथोक जनपद गोण्डा ।

**पंजीकृत अभियोग-**

01. मु0अ0सं0-259/2025 धारा 85/80(2) बीएनएस व 3/4 डीपी एक्ट थाना इटियाथोक जनपद गोण्डा।

**गिरफ्तार कर्ता टीम-**

01 उ0नि0 राजेश दूबे मय हमराह

02. कां0 अम्बरीश पाण्डेय ।

**मीडिया सेल, गोण्डा।**

**प्रेस नोट**
**दिनांक 25.10.2025**

**मिशन शक्ति 5.0 के अंतर्गत जनपद गोण्डा के समस्त थाना क्षेत्रों पर हुआ "बहू-बेटी सम्मेलन" का आयोजन, महिलाओं/बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन के लिए पुलिस टीमों ने किया संवाद**

पुलिस अधीक्षक गोण्डा श्री विनीत जायसवाल के निर्देशन में मिशन शक्ति अभियान 5.0 के तहत आज दिनांक 25.10.2025 को जनपद के सभी थाना क्षेत्रों में "बहू-बेटी सम्मेलन" का आयोजन किया गया। इस अवसर पर संबंधित थानों के थानाध्यक्षों एवं महिला बीट पुलिस अधिकारियों द्वारा क्षेत्र की महिलाओं, युवतियों, आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों, आशा बहुओं, स्वयं सहायता समूह की सदस्यों सहित बड़ी संख्या में उपस्थित जनसमूह को महिला सुरक्षा, आत्मनिर्भरता एवं सरकारी योजनाओं के बारे में जागरूक किया गया। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित बहू-बेटियों को बताया गया कि किसी भी प्रकार की छेड़छाड़, उत्पीड़न, हिंसा या साइबर अपराध की स्थिति में तत्काल महिला हेल्पलाइन 1090, डायल-112, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 तथा साइबर हेल्पलाइन 1930 पर संपर्क करें। साथ ही थाना स्तर पर स्थापित "महिला सहायता प्रकोष्ठ" से भी सीधे सहायता प्राप्त की जा सकती है। महिला पुलिस कर्मियों द्वारा महिलाओं को आत्मरक्षा के उपाय, साइबर क्राइम से बचाव, ऑनलाइन ठगी से सावधानी तथा कानूनी अधिकारों की जानकारी दी गई। इसके अतिरिक्त उपस्थित महिलाओं से उनके क्षेत्र में हो रही समस्याओं, पारिवारिक विवाद, घरेलू हिंसा एवं सामाजिक चुनौतियों के संबंध में संवाद स्थापित किया गया। साथ ही बताया गया कि पुलिस प्रशासन द्वारा महिलाओं के लिए लगातार सुरक्षा वातावरण सुदृढ़ करने के उद्देश्य से ऐसे जागरूकता कार्यक्रम समय-समय पर आयोजित किए जाते हैं, जिससे हर महिला सुरक्षित, सशक्त एवं आत्मनिर्भर बन सके। पुलिस अधीक्षक गोण्डा द्वारा आमजन मानस को यह संदेश दिया गया कि **"महिला सुरक्षा हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। समाज की बहू-बेटियाँ हमारी शक्ति हैं। मिशन शक्ति अभियान का उद्देश्य महिलाओं को न केवल सुरक्षित रखना है, बल्कि उन्हें आत्मनिर्भर, आत्मविश्वासी और सजग नागरिक के रूप में सशक्त बनाना भी है।"**

**मीडिया सेल, गोण्डा।**

**प्रेस नोट**
**दिनांक 25.10.2025**

**मिशन शक्ति अभियान 5.0 के अंतर्गत जनपदीय एण्टीरोमियो स्क्वायड टीमों द्वारा महिलाओं/बालिकाओं को किया गया जागरूक-**

गोण्डा। उत्तर प्रदेश शासन द्वारा संचालित मिशन शक्ति अभियान 5.0 के तहत महिला एवं बालिका सुरक्षा, सम्मान तथा आत्मनिर्भरता को सुदृढ़ बनाने हेतु पुलिस अधीक्षक गोण्डा श्री विनीत जायसवाल के निर्देशन में जनपद के राजपत्रित अधिकारी व एण्टी रोमियो स्क्वायड टीमों द्वारा आज विभिन्न थाना क्षेत्रों में व्यापक जागरूकता कार्यक्रम संचालित किए गए। इस दौरान टीमों ने गांवों, कस्बों एवं सार्वजनिक स्थलों पर चौपाल लगाकर स्थानीय महिलाओं एवं बालिकाओं से सीधा संवाद स्थापित किया।

कार्यक्रम में टीमों ने महिलाओं/बालिकाओ को महिला सशक्तिकरण, साइबर अपराध से बचाव, आत्मरक्षा के उपाय, और कानून द्वारा प्रदत्त अधिकारों की विस्तृत जानकारी दी। मिशन शक्ति की महिला पुलिसकर्मियों ने उपस्थित महिलाओं और बालिकाओं से उनकी व्यक्तिगत व सामाजिक समस्याओं के बारे में जानकारी ली और आने-जाने के दौरान होने वाली संभावित परेशानियों पर सुझाव भी प्राप्त किए तथा फीडबैक फार्म भरवाकर हॉटस्पॉट क्षेत्रों को चिन्हित किया गया साथ ही महिलाओं को भरोसा दिलाया गया कि गोण्डा पुलिस हर समय उनकी सुरक्षा एवं सहयोग के लिए उपलब्ध है साथ ही एण्टीरोमियों स्क्वायड टीम द्वारा महिलाओं/बालिकाओं को शासन द्वारा जारी महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबर्स के बारे में विस्तार से बताया गया, जिनका उपयोग आवश्यकता पड़ने पर तुरंत सहायता प्राप्त करने के लिए किया जा सकता है-

112- पुलिस आपातकालीन सेवा
1090- वूमेन पावर हेल्पलाइन
1076- माननीय मुख्यमंत्री हेल्पलाइन
108- एंबुलेंस सेवा
1930- साइबर अपराध हेल्पलाइन
1098- चाइल्ड हेल्पलाइन
102- स्वास्थ्य सेवा

इसके साथ ही महिलाओं एवं बालिकाओं को साइबर सुरक्षा से जुड़ी सावधानियों, जैसे अज्ञात कॉल या संदेशों पर व्यक्तिगत जानकारी साझा न करना, बैंक संबंधी धोखाधड़ी से बचाव, और सोशल मीडिया पर गोपनीयता बनाए रखने के तरीकों की जानकारी दी गई। टीमों द्वारा यह भी बताया कि राज्य सरकार द्वारा संचालित मिशन शक्ति अभियान का उद्देश्य न केवल महिला सुरक्षा को सुनिश्चित करना है, बल्कि उन्हें आर्थिक, सामाजिक एवं मानसिक रूप से सशक्त बनाना भी है, ताकि वे हर परिस्थिति में अपने अधिकारों की रक्षा कर सकें। एण्टीरोमियो स्क्वायड टीमों द्वारा जनपद के चिन्हित हॉटस्पॉट क्षेत्रों में सघन चेकिंग अभियान चलाया गया। इस दौरान संदिग्ध व्यक्तियों की गहन जांच की गई तथा शोहदों/मनचलों को रेड कार्ड जारी कर सख्त चेतावनी दी गई कि भविष्य में इस प्रकार की कोई भी हरकत दोहराने पर उनके विरुद्ध कड़ी वैधानिक कार्यवाही की जाएगी।

**मीडिया सेल, गोण्डा।**

**प्रेस नोट**
**दिनांक 25.10.2025**

**पुलिस अधीक्षक गोण्डा द्वारा थाना समाधान दिवस के अवसर पर थाना धानेपुर में की गयी जनसुनवाई, जनता की समस्याओं को सुनकर उनके त्वरित निस्तारण हेतु संबंधित को दिए गए आवश्यक दिशा-निर्देश-**

गोण्डा। आज दिनांक 25.10.2025 को थाना समाधान दिवस के अवसर पर पुलिस अधीक्षक गोण्डा श्री विनीत जायसवाल द्वारा थाना धानेपुर में जनसुनवाई की गयी। महोदय द्वारा जनता की जनसमस्याओं को सुना गया तथा समस्याओं के त्वरित एवं गुणवक्तापूर्ण निस्तारण हेतु सम्बन्धित राजस्व और पुलिस विभाग के अधिकारियों को मौके पर जाकर शिकायतों का शत-प्रतिशत निस्तारण करने हेतु निर्देशित किया गया। थाना धानेपुर में जनसुनवाई के दौरान 08 शिकायती प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए है। प्राप्त प्रार्थना पत्रों के निस्तारण हेतु राजस्व व पुलिस की संयुक्त टीम गठित कर मौके पर भेजा गया है। इसी प्रकार समस्त प्रभारी निरीक्षक/थानाध्यक्षों द्वारा अपने अपने थानों पर समाधान दिवस पर आने वाले फरियादियों की शिकायतों को सुनकर उनके गुणवत्तापूर्ण व त्वरित निस्तारण कराया गया।
इस दौरान राजस्व एवं पुलिस के अधि0/कर्मचारीगण उपस्थित रहे ।

**मीडिया सेल, गोण्डा**